मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 01 अगस्त 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	01-08-14	02-08-14	03-08-14	04-08-14	05-08-14
वर्षा (मि.मी.)	5	3	2	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	38	37	38	37	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	28	27	28	27	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	8	7	7	7	6
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	80	81	81	80	79
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	58	54	59	53	53
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	13	20	19	19	19
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

जिन किसान भाईयों ने अभी तक दलहनी फसलों की बुवाई नही की है, उन्हें सलाह दी जाती है कि जहॉं कहीं भी बिजाई लायक वर्षा हो जाए तो वर्षा के बाद दलहनी फसलों की कम समय में पकने वाली किस्मों की बुवाई करें।

चारे के लिए बाजरा की राज बाजरा चरी 2, जायन्ट बाजरा किस्मों की बुवाई करें।

किसान भाई बाजरे की फसल में कतारों में पौधों की संख्या समान रखने के लिये वर्षा के साथ ही कतारों में रिक्त स्थानों पर पौधों की रोपाई करें।

बाजरा की फसल की कतारों में जहॉं पौधों की संख्या अधिक हो तो आवश्यकता से अधिक पौधों को उखाड़ दें।

टमाटर, बैंगन, मिर्च व गोभी आदि के पौधों की रोपाई करें।

बेर की फसल में यूरिया की आधी मात्रा दें।

पशुओं को मच्छरों से बचाव के लिए पशुशाला के पास नीम की पत्ती का धुआं करें।

गाय, भैंस, बकरी, भेड इत्यादि को सीधी वर्षा से बचाव के समुचित उपाय करें एवं उनके रहने के स्थल पर पानी इकट्ठा न होने दें तथा बिछावन को सुखा रखें। पशु के नाक में पानी आना बुखार इत्यादि होने पर नजदीक के पशु चिकित्सक से तुरन्त इलाज कराऐं।